संख्या 515 पी/छः-पु-6-13-300(165)/98

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

गृह (पुलिस) अनुभाग-6 लखनऊः दिनांक 18 अप्रैल, 2013

विषयः-जनपद गाजीपुर में 02 थानों तथा 10 रिर्पो0 पुलिस चौकियों एवं जनपद चन्दौली में 03 थाने तथा 11 रिर्पो0 पुलिस चौकियों हेतु स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 430 पी/छः-पु-13-300(165)/98, दिनांक 28 फरवरी, 2013 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय आपके अधीन जनपद गाजीपुर में 02 थानों तथा 10 रिर्पो0 पुलिस चौकियों एवं जनपद चन्दौली में 03 थाने तथा 11 रिर्पो0 पुलिस चौकियों की स्थापना हेतु संलग्नक में उल्लिखित अस्थायी पदों को दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से स्थायी पदों में परिवर्तित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते, जो उन्हें अनुमन्य हो, भी देय होगें।

3- मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त स्थायी पदों के दिनांक अप्रैल 2013 से स्थायी पदों में परिवर्तित हो जाने के फलस्वरूप संलग्नक के कालम-6 में उल्लिखित शासनादेश संख्या 430 पी/छः-पु-6-2013-300(196)/98, दिनांक 28 फरवरी, 2013 को, जिसमें इन पदों को वर्ष 2013 में दिनांक 28-2-2014 तक अस्थायी रूप से चलते रहने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, इस सीमा तक संशोधित माना जायेगा कि उक्त पद की निरन्तरता केवल दिनांक 18 अप्रैल 2013 के लिए ही दी गयी थी।

4- उपर्युक्त पद पर होने वाला व्यय आय-व्ययक के अनुदान संख्या-26 गृह (पुलिस) विभाग के अधीन लेखाशीर्षक "2055-पुलिस आयोजनेत्तर-109-जिला पुलिस-03-जिला पुलिस (मुख्य)" के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

5- प्रमाणित किया जाता है कि इन पदों का स्थायीकरण कार्यालय ज्ञाप संख्या ए-2-797/दस-87-24(12)-86, दिनांक 25 मई, 1987 में निहित सभी शर्तो की पूर्ति के बाद किया जा रहा है।

संलग्नक :-यथोपरि।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

अपर पुलिस महानिदेशक
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद

--2/--

NIRAN GO 13

संख्या 515 (1) पी/छः-पु-6-13 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
3- वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1/2
4- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

/

( अनिल कुमार )
अनु सचिव।

# संलग्नक

शासनादेश संख्या 515 पी/छः–पु–6–13–300(165)/98, दिनांक 18 अप्रैल, 2013 से स्थायी किये गये पदों का विवरण :–

| क0 सं0 | पदनाम | स्थाई किये जाने वाले पदों की संख्या | स्वीकृत वेतनमान | शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें पद मूल रूप में सृजित हुआ था | शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें अन्तिम बार पद के स्थायीकरण अथवा उसके बाद की तिथि तक उसका सातत्य स्वीकृत किया गया था | अभ्युक्ति यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उप निरीक्षक | 28 | 5500–175–9,000/– (पुराना वेतनमान) | सं0 1839 पी/छः–पु–6–2005–300 (165)/98, दिनांक 22–2–2006 | सं0 430 पी/छः–पु–6– 2013–300(196)/98, दिनांक 28 फरवरी, 2013 | |
| 2 | मुख्य आरक्षी | 47 | 3200–85–4,900/– (पुराना वेतनमान) | सं0 1839 पी/छः–पु–6–2005–300 (165)/98, दिनांक 22–2–2006 | सं0 430 पी/छः–पु–6– 2013–300(196)/98, दिनांक 28 फरवरी, 2013 | |
| 3 | सहायक परिचालक | 21 | 3200–85–4,900/– (पुराना वेतनमान) | सं0 1839 पी/छः–पु–6–2005–300 (165)/98, दिनांक 22–2–2006 | सं0 430 पी/छः–पु–6– 2013–300(196)/98, दिनांक 28 फरवरी, 2013 | |
| | | कुल= 96 | | | | |

18/5/2013

(अनिल कुमार)
अनु सचिव
गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।